# टेबल टेनिस स्पर्धा में स्कूली खिलाड़ियों ने जमाए दमदार शाट्स

जासं, कानपुर : सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर, कमला नगर में शुक्रवार का सीबीएसई क्लस्टर टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न विद्यालयों की टीम से खिलाड़ियों ने जोरदार शाट्स लगाकर जीत हासिल की। उद्घाटन डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह और उप्र टेबल टेनिस संघ के संजीव पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

अंडर-14 बालिका वर्ग की द चिंटल्स स्कूल की टीम ने इटावा के सेंट मैरी स्कूल को 3-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। गेल देव स्कूल दिबियापुर नें जेबी अकादमी अयोध्या को 3-1 से, डीपीएस बर्रा ने एलपीएस उन्नाव को 3-0 से तथा एसएसडीसी टीम ने अयोध्या की यश विद्या मंदिर को 3-0 से हराया।



सीबीएसई क्लस्टर टेबल टेनिस प्रतियोगिता में खेलतीं खिलाड़ी • जागरण

अंडर-14 बालक वर्ग में एलपीएस लखनऊ ने सेंट मैरी स्कूल इटावा को 3-0 से, अयोध्या के जेबी अकादमी ने लखनऊ के डीपीएस को 3-1 से, सीएमपीके यूपी सैनिक स्कूल ने डीपीएस लखनऊ का 3-1 से तथा डीपीएस बर्रा ने डीपीएस इटावा को 3-0 से हराया। अंडर-17 बालिका वर्ग में लखनऊ के नवयुग रेडियंस की टीम ने एलन हाउस खलासी लाइन को 3-0 से, इटावा के सेंट मैरी स्कूल की टीम ने डीपीएस आजाद नगर को रोमांचक मुकाबले में 3-1 से हराया।